[24/3/2025]

प्रश्न सं. [क्र. 2421]

"परिशिष्ट-1"

निधानसभा तारांकित प्रश्न क्रमांक 2421 द्वारा श्री आरिफ मसूद

पूरक जानकारी

जिला सीहोर तहसील इछावर अन्तर्गत एकपनिया जलाशय (नहर रहित) परियोजना जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति लागत राशि रू. 1942.22 लाख दिनांक 20.08.2018 को म.प्र. शासन जल संसाधन विभाग, मंत्रालय भोपाल द्वारा प्राप्त हुई। विभागीय एवं राजस्व अमले द्वारा परियोजना से डूब प्रभावित भूमि का सर्वेक्षण किया जिसमें भू-अर्जन का राशि में वृद्धि परिलक्षित हुई। परियोजना की परिवर्तित लागत लगभग राशि रू 35.42 करोड़ आंकलित की गई, तदानुसार परियोजना की लागत प्रति हेक्टेयर रू. 5.06 लाख पाई गई। परियोजना का प्रस्तावित कमाण्ड आई.एस.पी. पार्वती लिंक परियोजना के कमाण्ड से ओवरलेप हो रहा है (कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग, क्रमांक-25 का पत्र क्रं. 345/2023-24/ 490/नर्मदा नगर, दिनांक 06.03.2024) । भू अर्जन के कारण लागत प्रति हेक्टेयर में वृद्धि होने से एवं आई.एस.पी. पार्वती लिंक परियोजना से कमान्ड सिंचित होने के कारण योजना म.प्र. शासन, जल संसाधन विभाग, मंत्रालय भोपाल का पत्र क्रं. 22/3/2024-25/ लघु/31/1353, भोपाल दिनांक 18.09.2024 द्वारा निरस्त की गयी।

जिला सीहोर तहसील आष्टा अन्तर्गत निर्माणाधीन कान्याखेड़ी मध्यम परियोजना की मूल प्रशासकीय स्वीकृति राशि रू. 102.71 करोड़ दिनांक 04.09.2018 को प्राप्त हुई। कान्याखेड़ी परियोजना से लाभांवित सैंच्य क्षेत्र से 2400 हेक्टेयर से बढ़कर 4605.00 हेक्टेयर तक वृद्धि हुई, जिससे पाईप नेटवर्क की राशि में वृद्धि हुई। परियोजना की जल भराव क्षमता मे वृद्धि होने से बांध की ऊंचाई में वृद्धि, परियोजना के डूब क्षेत्र में वृद्धि, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के कारण परियोजना की लागत 222.00 करोड़ परिलक्षित है।

पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति राशि रू. 222.03 करोड़ दिनांक 07.03.2024 को प्राप्त हुई एवं परियोजना वर्तमान में निर्माणाधीन है।

कार्यपालन यंत्री,
जल संसाधन संभाग, सीहोर